''काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता–2025'' का दिनांक 12 से 24 फरवरी,25 के मध्य आयोजन

काशी भारत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी है। काशी अपने गौरवशाली इतिहास, साहित्य, कला, संस्कृति, मंदिर, घाट, हस्तकला, विभिन्न त्योहारों एवं अन्य कई विषयों के कारण प्रसिद्ध है। काशी में धार्मिक गतिविधियों के चलते पर्यटकों की संख्या अपार वृद्धि हुई है। इसी कड़ी में मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ''**काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता–2025**'' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि काशी के नागरिकों को काशी के पर्यटन की जानकारी बेहतर हो और टूरिस्ट गाइड के रुप में उन्हें विकसित किया जाय।

- ''**काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता**'' दो आयु कैटेगरी में आयोजित की जायेगी क्रमशः 18 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से अधिक, जिसमें सभी आयु वर्ग के काशी लोक सभा क्षेत्र के तीन विकास खण्ड काशी विद्यापीठ, आराजीलाइन्स, सेवापुरी एवं नगर निगम के समस्त पॉच जोन के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें।
- प्रतियोगिता मुख्य रुप से निम्न 10 थीम पर आयोजित की तायेगीः– 1– काशी के घाट, 2–श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर, 3– सारनाथ, 4–काशी का इतिहास, 5– काशी के त्यौहार, 6– काशी के हैन्डीक्राफ्ट, 7– काशी एवं धर्म, 8– काशी के संत(कबीर, तुलसीदास, रविदास आदि), 9– काशी एवं संगीत, 10– काशी के खानपान।
- प्रतियोगिता तीन इवेन्ट्स में आयोजित की जायेगी– 1– डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशन, 2– निबन्ध, 3–इन्स्टाग्राम पर रील मेकिंग।

1– **डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशनः**– प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक 12 से 14 फरवरी,2025 को आयोजित की जायेगी। प्रत्येक प्रतिभागी को संबन्धित थीम पर आधारित प्रजेन्टेशन हेतु अधिकतम 5 मिनट दिया जायेगा। प्रतियोगिता कुल 50 अंकों की होगी।
2– **निबन्धः**–प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक 15 फरवरी,2025 को आयोजित की जायेगी, प्रतियोगिता में संबन्धित 10 थीम में से किसी एक थीम पर पर 250 शब्द का निबन्ध होगा।
3– **रील मेकिंगः**–सभी प्रतिभागी को अपनी रील संबन्धित थीम का नाम लिखकर इन्स्टाग्राम **@varanasismartcity** को टैग कर रील अपलोड करनी होगी।
4–जनपद स्तर की फाइनल प्रतियोगिता दिनांक 24–2–2025 को आयोजित की जायेगी, वेन्यू की सूचना पृथक से दी जायेगा।

उक्त प्रतियोगिता हेतु एक बेवसाइट https://kashisansadtouristguide.com विकसित की गयी है, जिस पर प्रतियोगिता की गाइडलाइन एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। **प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण प्रारम्भ है।** काशी संसदीय क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों/आमजन को सूचित किया जाता है कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति उक्त बेवसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते है।